हरिभूमि

# हिसार भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 17 अक्टूबर 2025


तापमान

अधिकतम 33 .0 डिग्री
न्यूनतम 16 .2 डिग्री


12 खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिठाई की दुकानों पर मारे छापे





12 राजगुरु मार्केट में वाहनों की एंट्री बैन करने का दिखा असर




## खबर संक्षेप

### ऑटो मार्केट से डोडा पोस्त तस्कर काबू

**हिसार।** नशीले पदार्थों के अवैध व्यापार के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआईए की टीम ने बड़ी सफलता प्राप्त की है। पुलिस टीम ने ऑटो मार्केट से एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से 5.790 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद किया है। एएसआई शक्ति सिंह ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान सूचना के आधार पर ऑटो मार्केट क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान एक व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर संदिग्ध अवस्था में भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए उसे काबू किया।

### पुलिस ने उपद्रवी प्रवृत्ति के व्यक्तियों को दिया नोटिस

**हांसी।** हांसी पुलिस जिला में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन में भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित करने के लिए दबंग, उपद्रवी, नशा तस्करों तथा समाज विरोधी प्रवृत्ति के व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार कार्य करते हुए पुलिस जिला हांसी के सभी थाना प्रबन्धकों, अपराध इकाइयों व चौकी प्रभारियों ने स्पेशल अभियान चलाकर ऐसे व्यक्तियों को भारतीय न्याय संहिता की धारा 172(1) के तहत नोटिस जारी कर तामिल करवाए गए हैं।

### निगम ने नियमों के उल्लंघन पर काटे चालान

**हिसार।** हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत गुरुवार को निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल ने रामपुरा मोहल्ला की एक महिला को लाम्बा नर्सरी होम के सामने खुले में कचरा डालते हुए देखा जोकि रामपुरा मोहल्ला के एक पीजी का कचरा वहां डाल रही थी। जिसका खुले में कचरा फैलाने पर अतिरिक्त आयुक्त ने चालान करने के आदेश दिए। जिस पर एएसआई विजेता ने महिला 500 रूपये का चालान किया गया। इसके अलावा सीटीएल प्रदीप जाखड़, तकनीकी एक्सपर्ट जसबीर कुण्डू, दरोगा राज ने फव्वारा चौक के आस-पास के क्षेत्र में 3 रेहड़ी संचालक व दुकानदार के द्वारा डस्टबिन का प्रयोग न करने पर 100-100 रुपये के चालान किए गए।

### सद्भावना मंच ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**उकलाना।** सद्भावना मंच ने गुरुवार को आईपीएस वाई पूरन कुमार और एएसआई संदीप सिंह लाठर सुसाइड प्रकरणों की जांच सुप्रीम कोर्ट के किसी सीटिंग जज से करवाई जाने की मांग को लेकर नायब तहसीलदार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। इससे पूर्व मंच की बैठक जोरा सिंह पाबड़ा, साबुद्दीन और रामकुमार जांगड़ा की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसका संचालन मियां सिंह बिठमड़ा ने किया।

## पांच दिन में देंगे होंगे सभी सवालों के जवाब

# जांच कमेटी ने हकृवि प्रशासन से पूछे 80 सुलगते सवाल

### हकृवि छात्रों पर लाठीचार्ज और धरने से जुड़े मामले की कमेटी कर रही जांच



हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्रों पर लाठीचार्ज और धरने के मामले की जांच करने की लिए गठित कमेटी ने अपनी जांच तेज कर दी है। जांच कमेटी के चेयरमैन हिसार मंडलायुक्त अशोक गर्ग के सामने हकृवि के आंदोलनकारी छात्रों समेत कुछ फैकल्टी मेंबर की तरफ से करीब 5 हजारों पन्नों की शिकायत व उसे जुड़े दस्तावेज पेश किए, जिनके गहन अध्ययन के बाद किसी नतीजे पर पहुंचने से पहले जांच कमेटी ने हकृवि रजिस्ट्रार को हाल ही में एक पत्र भेजा है। पत्र में जांच कमेटी ने रजिस्ट्रार से करीब 80 सवालों के जवाब मांगे।

पत्र में जांच कमेटी ने पूछे गए सवालों के संदर्भ में 5 दिन के अंदर जवाब देने की बात कही है। सूत्रों के अनुसार जांच कमेटी ने पत्र में अधिकतर उन सवालों को शामिल किया है, जिनको लेकर छात्रों और कुछ फैकल्टी सदस्यों ने विवि प्रशासन के खिलाफ दी शिकायतों में गंभीर आरोप लगाए थे। बताया जाता है कि शिकायत में जांच कमेटी के सामने विवि में हुई भर्ती प्रक्रिया में कथित धांधली, नियमों की अनदेखी करके सामान्य कर्मचारी को लाभ के उच्च पदों पर बैठाना, एससी कोटे की सीट पर सामान्य श्रेणी के व्यक्ति को भर्ती करना जैसे कई आरोप लगाए हुए हैं।

### हकृवि परिसर में हुई थी पहली बैठक

बता दें कि छात्र आंदोलन की जांच के लिए गठित कमेटी की पहली बैठक 26 अगस्त को हकृवि परिसर में हुई थी। जांच कमेटी चेयरमैन मंडल आयुक्त अशोक गर्ग ने विद्यार्थियों का पक्ष सुना थी। करीब 40 विद्यार्थी अपना पक्ष रखने पहुंचे। 20 विद्यार्थियों ने बंद कमरे में मंडल आयुक्त को आपबीती बताई। इस दौरान दो शिक्षकों ने भी अपना पक्ष रखा। कमेटी चेयरमैन के सामने विद्यार्थियों ने कहा था कि यहां की फुटेज, रिकॉर्डिंग का उपयोग कर एचएयू प्रशासन उनको प्रताड़ित कर सकता है। ऐसे में उनकी सुनवाई विवि कैंपस से बाहर किसी अन्य स्थान पर की जाए। इस पर चेयरमैन ने सहमति दे दी थी। इतना ही नहीं दो शिक्षक भी जांच कमेटी के समक्ष अपना पक्ष रखने पहुंचे। इन शिक्षकों ने आरोप लगाया था कि विश्वविद्यालय में कुलपति के गुट में शामिल न होने वालों को प्रताड़ित किया जाता है। उनके कैंपस से बाहर ट्रांसफर किए जाते हैं। उनके पीएचडी व अन्य शोध कार्यों में बाधा डाली जाती है। ऐसे शिक्षकों की पदोन्नति भी रोकी जा रही है। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए।

### यह था मामला

एचएयू में विद्यार्थी स्कॉलरशिप घटाए जाने का विरोध कर रहे थे। इस वर्ष 9 जून की रात कुलपति आवास के बाहर धरना दे रहे विद्यार्थियों पर लाठीचार्ज किया था। जिसमें दो शिक्षकों पर नामजद एफआईआर दर्ज हुई। दोनों को गिरफ्तार किया गया। दूसरी ओर यूनिवर्सिटी प्रशासन ने भी छात्रों पर केस दर्ज कराए। विद्यार्थियों ने इस मामले में 23 दिन तक एचएयू गेट नंबर चार पर धरना दिया। धरना समाप्त करते समय जांच कमेटी बनाने पर सहमति बनी थी।

### बिजली निगम मुख्यालय में हुई दूसरी मीटिंग

*छात्रों की मांग पर जांच कमेटी की दूसरी मीटिंग 11 सितंबर को विद्युत नगर स्थित डीएचबीवीएन कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक के दौरान छात्रों ने कमेटी के चेयरमैन एवं हिसार मंडलायुक्त अशोक गर्ग के को हकृवि में अनियमितताओं से जुड़े दस्तावेज सौंपे। इस दौरान कुछ छात्रों ने कमेटी के सामने विवि का माहौल सही होने की भी बात कही थी।*

### दुकानदार से 2.90 लाख का फ्रॉड, अज्ञात पर केस दर्ज

**हिसार।** गोल्ड क्रेडिट कार्ड पर बढ़िया ऑफर का लालच देकर साइबर ठगों ने एक दुकानदार से करीब तीन लाख रुपये ठग लिए। इस मामले की सूचना साइबर थाना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। पटेल नगर निवासी जगजीत सिहं पाल ने बताया कि उसकी पटेल नगर मार्केट में साईं गारमैंटस के नाम से मेरी कपड़े की दुकान है। मेरा एसबीआई में बैंक खाता तथा मेरे पास एसबीआई का क्रेडिट कार्ड भी है। इसके अतिरिक्त मेरे पास इंडसन्ड बैंक का क्रेडिट कार्ड भी है। गत 29 सितंबर को मैं अपनी दुकान पर बैठा हुआ था तो मेरे पास वाट्सअप मोबाइल वीडियो कॉल आई। जिस पर कोई महिला बात कर रही थी। उसने मेरे को कहा कि आप एचडीएफसी बैंक का रिगालिया गोल्ड क्रेडिट कार्ड बनवा लो इस पर काफी अच्छा ऑफर चल रहा है। उसके बाद इस महिला ने मेरा क्रेडिट कार्ड के लिए फार्म भरवाया जिसमें मेरी सारी जानकारी ली गई।









# लोटस स्कूल का शानदार प्रदर्शन, 44 गोल्ड मेडल जीतकर रचा इतिहास

- राष्ट्रीय स्तरीय रंगोत्सव प्रतियोगिता में स्कूल के 350 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭उकलाना

लोटस इंटरनेशनल स्कूल, उकलाना के छात्रों ने राष्ट्रीय स्तरीय रंगोत्सव प्रतियोगिता में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए कुल 44 गोल्ड मेडल जीतकर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया।

स्कूल प्रिंसिपल आरती कुनर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में नर्सरी से लेकर दसवीं कक्षा तक के लगभग 350 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता विभिन्न श्रेणियों में आयोजित की गई जिनमें कलरिंग, फिंगर एंड थम्ब, हैंडराइटिंग, ग्रीटिंग कार्ड, मास्क मेकिंग, स्केचिंग, कैरीकेचर, कार्टून मेकिंग और टैटू मेकिंग शामिल थे। लोटस स्कूल के विद्यर्थियों ने कलरिंग प्रतियोगिता में 28 गोल्ड, 7 सिल्वर, 4 ब्रोंज, फिंगर एंड थम्ब प्रतियोगिता में 4 गोल्ड, 5 सिल्वर, 2 ब्रोंज, हैंडराइटिंग प्रतियोगिता में 7 गोल्ड, 7 सिल्वर, 3 ब्रोंज, स्केचिंग प्रतियोगिता में 2 गोल्ड, 2 सिल्वर, 1 ब्रोंज कैरीकेचर, ग्रीटिंग कार्ड व मास्क मेकिंग प्रतियोगिताओं में कई गोल्ड मैडल अपने नाम किया।



**उकलाना।** विद्यार्थियों को सम्मानित करते लोटस स्कूल के चेयरमैन महेंद्र कुनर व प्रिंसिपल आरती कुनर। *फोटो : हरिभूमि*

### विजेता छात्रों को सम्मानित किया

*इस अवसर पर स्कूल चेयरमैन महेंद्र कुनर और प्रिंसिपल आरती कुनर ने विजेता छात्रों को सम्मानित किया।*

**पेंशन** | अखबार में प्रकाशित खबर की कटिंग लेकर पहुंची महिला

# शिविर में आई समस्या के समाधान में लापरवाही

### तहसीलदार अनिल कुमार बिढ़ान ने दिए मामले की जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

उपमंडल परिसर में आयोजित समाधान शिविर में गुरुवार उस समय बड़ी लापरवाही का मामला सामने आया, जब सिसाय गांव निवासी एक महिला ने दोबारा से अपनी पेंशन बनवाने के लिए गुरुवार को समाधान शिविर पहुंची। दरअसल, 11 सितंबर को आयोजित समाधान शिविर के बाद बताया गया था कि दो महिलाओं की पेंशन जारी करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। इस खबर के प्रकाशित होने के बाद महिला को उम्मीद जगी कि उसकी पेंशन शीघ्र जारी हो जाएगी। लेकिन एक महीने से अधिक समय बीत जाने के बावजूद भी उसकी पेंशन शुरू नहीं हुई, तो महिला अखबार की कटिंग लेकर गुरुवार को फिर से समाधान शिविर में पहुंच गई। शिविर में फैमिली आईडी में इनकम से संबंधित शिकायतों का अंबार देखने को मिला। वहीं रूप नगर कॉलोनी निवासी जतिन, अनीपुरा निवासी विजेंद्र ने रो प्लांट बंद करवाने की शिकायत, कंवर सिंह मंडी सैनियान, सुरेंद्र डडल पार्क और ममता सिटी थाने के पास से फैमिली आईडी में नाम व इनकम दुरुस्त करवाने के लिए पहुंचे।




**हांसी।** समाधान शिविर में बुजुर्ग महिला की शिकायत को सुनते तहसीलदार अनिल कुमार बिढान। *फोटो : हरिभूमि*

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं

शिविर में मौजूद तहसीलदार अनिल कुमार बिढ़ान ने मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित पेंशन अधिकारियों को तत्काल जांच के आदेश दिए और कहा कि महिला की पेंशन जल्द से जल्द बनाई जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी जरूरतमंद को राहत देने में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।




सेलिब्रेशन

चारों ओर जगमगाते दीपक, रंग-बिरंगी लाइट्स की लड़ियां, आतिशबाजी, ऐसा उल्लास से भरा माहौल होता है दीपावली का। लेकिन इस पर्व का असली मजा/आनंद वास्तव में कब आता है, बता रहे हैं टीवी के कुछ चाइल्ड आर्टिस्ट्स। ये आर्टिस्ट्स यह भी बता रहे हैं, इस बार दीपावली कैसे सेलिब्रेट करेंगे?

# दीपावली पर जगमगाएं खुशियां



## मेरे लिए दिवाली का असली मतलब है परिवार का प्यारा साथ : आयशा विंधारा

सोनी सब के शो 'इत्ती सी खुशी' में चिड़िया का रोल प्ले करने वाली आयशा विंधारा दिवाली का नाम सुनते ही उत्साह से भर जाती है। आयशा दिवाली कैसे सेलिब्रेट करती है, पूछने पर बताती है, 'मैं अपने परिवार के साथ मिलकर दिवाली मनाती हूं। नई ड्रेसेस खरीदती हूं। रंग-बिरंगी लाइट्स और दीयों से घर को सजाती हूं। शाम को मैं और मेरी बहन मिलकर रंगोली बनाते हैं। दिवाली की रात मैं अपने पापा और दोस्तों के साथ पटाखे फोड़ती हूं। दिवाली मेरे लिए अधूरी है, अगर मुझे रसगुल्ला और काजू कतली खाने को नहीं मिले! दिवाली आते ही मेरे मन में एक अलग ही उत्साह भर जाता है।' आयशा आगे कहती है, 'मेरे लिए दिवाली सिर्फ रोशनी, दीये और पटाखों का त्योहार नहीं है। दिवाली का असली मतलब है- परिवार का प्यारा साथ। जब हम सब मिलकर हंसते हैं, खेलते हैं, बातें करते हैं, एक-दूसरे के साथ समय बिताते हैं, मेरे लिए यही सच्ची दिवाली होती है।' इस बार दिवाली पर अपनी खास प्लानिंग के बारे में आयशा बताती है, 'अबकी मैं दीये पेंट करके अनाथालय में बांटने जाऊंगी, ताकि वहां भी दिवाली की रोशनी और मुस्कान बिखरे। मैं अपने घर में बड़ी-सी रंगोली बनाऊंगी। और हां, इस बार मेरा बर्थ-डे भी दिवाली के आस-पास है, तो इस बार मेरे लिए दिवाली की खुशी दोगुनी है!' आयशा 'बालभूमि' के सभी दोस्तों को दिवाली का मैसेज देते हुए कहती है, 'दिवाली पर हम सभी घर सजाएं, दीये जलाएं। पटाखे कम फोड़ें ताकि पॉल्यूशन कम हो। मिठाई खाएं और बांटें। हम इस खूबसूरत त्योहार को प्यार और मुस्कान के साथ मनाएं।' *

## खुशियां बांटने का त्योहार है दिवाली


### एकांश काथरोटिया

**सोनी सब** पर हाल ही में शुरू हुए शो 'गणेश कार्तिकेय' में एकांश काथरोटिया, विघ्नहर्ता भगवान गणेश की भूमिका निभा रहा है। दिवाली उसका पसंदीदा त्योहार है।



एकांश कहता है, 'दिवाली खुशियों का त्योहार है। इस दिन हम नई ड्रेसेस पहनते हैं, मिठाइयां खाते हैं, बांटते भी हैं। दिवाली पर रंगोली बनाते हैं, दीये जलाते हैं, ईको-फ्रेंडली पटाखे और फुलझड़ियां जलाते हैं। माता लक्ष्मी की पूजा करते हैं, दिवाली पर खुशियां मनाने के साथ-साथ हम अपनों के साथ खुशियां बांटते भी हैं।' एकांश के लिए दिवाली के क्या मायने हैं, वह बताता है, 'दिवाली के दिन भगवान श्रीराम रावण का वध करके और अपना वनवास पूर्ण करके अयोध्या लौटे थे। तब उनके स्वागत में पूरा अयोध्या दीपों से सजाया गया था, लोगों को अपार खुशी मिली थी। मेरे लिए दिवाली बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार है।' इस बार दिवाली सेलिब्रेशन को लेकर अपनी प्लानिंग के बारे में एकांश चहकते हुए बताता है, 'अभी कुछ समय पहले ही हमारा सीरियल 'गणेश कार्तिकेय' ऑन एयर हुआ है। मेरे लिए तो दिवाली शुरू हो गई है। मैं इस दिवाली बहुत उत्साहित हूं। इस बार मैं सीरियल के सेट पर अपने को-स्टार्स के साथ दिवाली सेलिब्रेट करूंगा।' एकांश का 'बालभूमि' के दोस्तों को मैसेज है, 'अपने नन्हे प्यारे दोस्तों से मैं दिल से कहना चाहता हूं कि दीपावली का यह त्योहार आपके जीवन में खुशियां, समृद्धि लाए। माता लक्ष्मी का आशीर्वाद आप सबके साथ हमेशा बना रहे। हैप्पी दिवाली!' *

## दिवाली पर हर किसी के चेहरे पर हो स्माइल-हो ब्राइटनेस : आर्यन प्रजापति



एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन-पलटन' में ऋतिक की भूमिका निभा रहे आर्यन प्रजापति का नटखट अंदाज सबको खूब भा रहा है। ऋतिक को दिवाली का त्योहार बहुत पसंद है। वह दिवाली की तैयारी और इसके सेलिब्रेशन के बारे में बताता है, 'दिवाली आते ही सबसे पहले हम लोग घर की साफ-सफाई में जुट जाते हैं। मैं अपने कमरे को लाइट्स और पोस्टर्स से डेकोरेट करता हूं। पापा के साथ मिलकर दीये सजाता हूं। दिवाली के मौके पर मम्मी के हाथों से बनी मिठाई खाना बहुत अच्छा लगता है। रात को पूजा होती है फिर सेल्फी टाइम!' आर्यन के लिए दिवाली सिर्फ एक त्योहार भर नहीं है, वह कहता है, 'दिवाली का मतलब है, टेंशन भूलकर दोस्तों और फैमिली के साथ एंज्वॉय करो।' आर्यन की नजर में दिवाली साथ-साथ खुशियां बांटने का त्योहार है। वह बताता है, 'मैं और मेरी सिस्टर मिलकर गरीब बच्चों को कपड़े और मिठाई बांटते हैं। हम इनके घर जाकर इनके साथ दीये भी जलाते हैं। उनकी मुस्कान देखकर लगता है, हमारी दिवाली डबल स्पेशल हो गई।' 'बालभूमि' के दोस्तों को आर्यन मैसेज देता है, 'गाइज, दिवाली खूब एंज्वॉय करो, लेकिन सेफ्टी और नेचर का भी ध्यान रखो। दिवाली का असली मजा तब है, जब हर किसी के चेहरे पर ब्राइटनेस हो, स्माइल हो।' *

प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स



लेक बीवा फायरवर्क फेस्टिवल, जापान



न्यू ईयर ईव फायरवर्क, चीन

# दुनिया की मशहूर आतिशबाजियां

रोचक / शिखर चंद जैन

*बच्चो, भारत में शानदार जोरदार आतिशबाजी दीपावली के अवसर पर देखी जाती है। विदेशों में भी अलग-अलग अवसरों पर आतिशबाजी से जुड़े बहुत ही मनमोहक आयोजन होते हैं। जानो, दुनिया के कुछ मशहूर आतिशबाजी इवेंट्स के बारे में।*

**मॉन्ट्रियल इंटरनेशनल फायरवर्क कॉम्पिटिशन, कनाडा:** यह दुनिया की सबसे बड़ी आतिशबाजी प्रतियोगिता है। यहां बेहतरीन म्यूजिक के साथ-साथ शानदार आतिशबाजी का कॉम्पिटिशन आयोजित किया जाता है। विजेताओं को ट्रॉफी दी जाती है। महीने भर तक चलने वाले इस उत्सव में



दूर-दूर से लाखों लोग आते हैं। वैसे तो इसे देखने के लिए टिकट लेना पड़ता है, लेकिन सेंट लॉरेंस नदी या माउंट रॉयल पार्क के पास से इसे मुफ्त में भी देखा जा सकता है।

**लेक बीवा फायरवर्क फेस्टिवल, जापान:** जापान की सबसे बड़ी झील लेक बीवा में अगस्त माह में आतिशबाजी का शानदार शो आयोजित किया जाता है। उत्सव के दौरान 10,000 रंग-बिरंगी आतिशबाजी होती है। इस रंग-बिरंगी आतिशबाजी का प्रतिबिंब जब झील के पानी में पड़ता है तो देखने में बहुत ही मनोहरी लगता है। इस शानदार शो को देखने के लिए 3 लाख से ज्यादा लोग आते हैं। लेक बीवा फायरवर्क फेस्टिवल की हर साल एक नई थीम प्लान की जाती है।

**दुबई न्यू ईयर ईव फायरवर्क्स, यूएई :** दुबई में न्यू ईयर के मौके पर रोशनी और पटाखे दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा से चलाए जाते



हैं। इसलिए दुबई में कहीं से भी इस आतिशबाजी की चमक देखी जा सकती है। बुर्ज खलीफा के नीचे खड़े होकर इस आतिशबाजी को देखना बहुत रोमांचक अनुभव होता है। आतिशबाजी के अलावा यहां लेजर बीम शो और एलईडी लाइट्स का अनूठा नजारा भी देखने को मिलता है।

**न्यू ईयर ईव फायरवर्क, चीन:** चीन के लोग नववर्ष के अवसर पर खूब पटाखे चलाते हैं। अंग्रेजी कैलेंडर के मुताबिक यह जनवरी और फरवरी के बीच पड़ता है। इस अवसर पर ड्रैगन और अन्य कई शेप्स की आतिशबाजी की जाती है। यहां की मान्यताओं, परंपराओं और प्रतीकों के आधार पर भी आतिशबाजी तैयार की जाती है। इस अवसर पर चीन के लोग देवताओं की पूजा करते हैं और अपने पूर्वजों को याद करते हैं।

**न्यूयॉर्क में स्वतंत्रता दिवस पर आतिशबाजी, अमेरिका:** अमेरिका में 4 जुलाई यानी अमेरिकी स्वतंत्रता दिवस का दिन यहां के सभी बड़े शहरों



में आतिशबाजी का अवसर होता है। खासतौर से न्यूयॉर्क सिटी में हडसन नदी में कई नौकाओं से तरह-तरह की आतिशबाजी की जाती है। लगभग 25 मिनट तक चलने वाले इस इवेंट में हजारों तरह की आतिशबाजी की जाती हैं। *

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

# दीप जले दिवाली के!



नन्हे-नन्हे प्यारे-प्यारे
दीप जले दिवाली के!
दूर भगाने को अंधियारा,
जग में लाने को उजियारा,
आंगन-आंगन, द्वारे-द्वारे
दीप जले दिवाली के!
भेदभाव का नाम न इनमें,
बैर-द्वेष का काम न इनमें,
झिलमिल-झिलमिल, झिलमिल सारे
दीप जले दिवाली के!
मोह रहे हर प्राणी का मन,
कितने उज्ज्वल, कितने पावन,
सुंदर-सुंदर, सजे-संवारे
दीप जले दिवाली के!
दीपों जैसा जीवन कर लें,
उजियारे को मन में भर लें,
भोले-भोले, न्यारे-न्यारे
दीप जले दिवाली के!

## हंसगुल्ले




**मोनू:** यार, मेरे जैसे लंबी हाइट वाले लड़कों के लिए दिवाली काफी थका देने वाली होती है।
**सोनू:** आखिर क्यों?
**मोनू:** क्योंकि जब भी ऊंचाई वाली दीवार को साफ करना होता है या फिर कमरे की छत पर लगा जाला साफ करना होता है। मम्मी झट से मुझे बुला लेती हैं। सारा दिन सफाई करते-करते निकल जाता है।

-सौम्या, रोहतक

**सोहन:** देखो, आज मेरे पास सुतली बम है, पटाखे, फुलझड़ी, अनार, रॉकेट सब कुछ है। तुम्हारे पास क्या है?
**मोहन:** मेरे पास वह है, जो मैं लगा दूं तो सब खत्म समझो।
**सोहन:** ऐसा क्या है तुम्हारे पास?
**मोहन:** माचिस!

-विकास, बिलासपुर

## जीके क्विज-175



1 साल 2025 के लिए साहित्य का नोबेल पुरस्कार किसे मिला है?
2. इस वर्ष शांति का नोबेल पुरस्कार पाने वाली मारिया कोरिना मचाडो किस देश की नागरिक हैं?
3. दीपावली का पर्व किस हिंदी महीने में मनाया जाता है?
4. विश्व का सबसे गहरा महासागर कौन-सा है?
5. रामकृष्ण मिशन की स्थापना किसने की थी?
6. मानव शरीर की सबसे छोटी अस्थि (बोन) का नाम क्या है?
7. आर्य समाज की स्थापना किसने की थी?
8. अंतरिक्ष की दूरी मापने के लिए किस इकाई का प्रयोग किया जाता है?
9. एफिल टावर कहां स्थित है?
10. 'गीता रहस्य' नामक पुस्तक किसने लिखी है?

**बच्चों, जीके क्विज-175 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-174 का उत्तर :** 1.अभिषेक शर्मा, 2. बालोद, 3.उत्तराखंड, 4.जीजाबाई, 5. 24 अक्टूबर, 6.गुग्लिल्मो मार्कोनी, 7.विटामिन के, 8.लैक्टिक एसिड, 9.भुवनेश्वर, 10.राजस्थान

**जीके क्विज-174 का सही उत्तर देने वाले :** निखिल-महासमुंद, अंजलि-दुर्ग, आन्या-दुर्ग, कबीर-हिसार, आशुतोष-रायपुर, कमल-बिलासपुर, राजन-भोपाल, शिखर-बालोद, जतिन-दिल्ली, कुसुम-बेमेतरा, सोहम-कांकेर



कहानी

हरीश कुमार 'अमित'

तीन महीने पहले ही अंशुल के दोस्त सौरभ के पापा का देहांत हुआ था। इसलिए सौरभ बहुत ज्यादा उदासी से घिरा हुआ था। अंशुल ने दिवाली के दिन उसके घर जाकर कुछ ऐसा किया कि सौरभ के चेहरे पर छायी उदासी छंट गई। अंशुल को भी लगा, उसकी यह दिवाली बहुत अलग रही, यादगार बनी।

# अलग तरह की दिवाली



दिवाली का दिन था। वातावरण में त्योहार का उल्लास छाया था। अंशुल भी बहुत खुश था, क्योंकि दिवाली का त्योहार उसे बहुत भाता था। शाम के समय वह मम्मी-पापा के साथ बाजार की रौनक देखकर घर लौटा तो उसने देखा कि पड़ोस में रहने वाले उसके दोस्त सौरभ के घर में न कोई रोशनी और न कोई सजावट की हुई है। घर के अंदर से कोई आवाज भी नहीं आ रही थी। ऐसा लग रहा था, जैसे उस घर में कोई रहता ही न हो। अंशुल को मालूम था, तीन महीने पहले सौरभ के पापा नहीं रहे थे। एक सड़क दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई थी। सौरभ अपनी मम्मी के साथ उस घर में रहता है। अंशुल ने हैरानी से पापा से पूछा, 'पापा, सौरभ के घर में कोई रोशनी क्यों नहीं की गई है? क्या इन्होंने दिवाली नहीं मनानी?'

'बेटा, सौरभ के पापा नहीं रहे न, इसलिए इस बार ये लोग दिवाली नहीं मनाएंगे।' पापा का जवाब सुनकर अंशुल को धक्का-सा लगा। घर के अंदर आकर भी वह सौरभ के बारे में ही सोचता रहा। उसके बारे में सोच-सोच कर उसका मन दुखी होने लगा। उसने अपने मम्मी-पापा से कहा, 'क्यों न हम थोड़ी देर के लिए सौरभ के घर जाएं और साथ में थोड़ी मिठाई, फुलझड़ियां और मोमबत्तियां भी ले जाएं।'

अंशुल की बात सुनकर मम्मी बोलीं, 'इस साल उनको दिवाली नहीं मनानी है, इसलिए न तो वे मोमबत्तियां, फुलझड़ियां जलाएंगे और न ही मिठाई खाएंगे।' यह सुनकर अंशुल सोच में पड़ गया फिर बोला, 'तो ठीक है, मैं ऐसे ही उनके घर चला जाता हूं, थोड़ी देर के लिए।'

अंशुल तुरंत ही सौरभ के घर चला गया और दरवाजे की घंटी बजाई। दरवाजा सौरभ की मम्मी ने खोला। अंशुल ने उनसे सौरभ के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया, 'वह अपने कमरे में है।' अंशुल घर के अंदर जाकर सौरभ के कमरे में गया तो उसने देखा कि वह चुपचाप बिस्तर पर लेटा हुआ है। बहुत उदास दिख रहा था। उसकी आंखें देखकर ऐसा लग रहा था मानो थोड़ी देर पहले रोया है। तभी सौरभ की मम्मी भी वहां आ गईं, अंशुल से बोलीं, 'यह सौरभ तो अपने पापा के बिना बहुत उदास रहता है। आज दिवाली के दिन तो उनको याद करके और भी ज्यादा दुःखी-उदास है। पिछले साल इसके पापा के साथ हम लोगों ने बड़ी धूमधाम से दिवाली मनाई थी, लेकिन क्या पता था कि वह उनकी आखिरी दिवाली है।' मम्मी ने अंशुल को बिस्तर के पास रखी कुर्सी पर बैठने को कहा। वह कुर्सी पर बैठ गया तो मम्मी कमरे से बाहर चली गईं। सौरभ बिस्तर से उठकर बैठ गया, लेकिन वह अब भी बहुत गुमसुम सा था।

अंशुल ने उससे बात करने की कोशिश की। शुरू में तो सौरभ ने बातचीत में कोई रुचि नहीं दिखाई, लेकिन अंशुल ने अपनी कोशिश जारी रखी। धीरे-धीरे सौरभ खुलने लगा और फिर अंशुल से बातचीत करने लगा। अंशुल ने उससे स्कूल, पढ़ाई, दोस्तों आदि के बारे में तरह-तरह की बातें कीं। सौरभ को क्रिकेट का बहुत शौक था। अंशुल ने उससे क्रिकेट के बारे में भी बातें कीं। इस बातचीत से सौरभ का मन हल्का होने लगा। उसके चेहरे पर छाई उदासी मिटने लगी। यह देखकर अंशुल को बहुत अच्छा लग रहा था। तभी मम्मी फलों की चाट बनाकर ले आईं। दोनों के आगे चाट की एक-एक प्लेट रख दी। पहले तो सौरभ ने कहा कि उसका मन नहीं है, वह नहीं खाएगा, लेकिन जब मम्मी और अंशुल ने उसे खाने के लिए बार-बार कहा, तो वह चाट खाने लगा। अंशुल ने भी चाट खाई। धीरे-धीरे सौरभ का मन ठीक होता जा रहा था। अंशुल सौरभ के पास काफी देर तक बैठा रहा। रात के नौ बज गए तो अंशुल अपने घर जाने के लिए उठ खड़ा हुआ। सौरभ का मन अब तक हल्का हो चुका था। वह सामान्य दिख रहा था। वह अंशुल को अपने घर के दरवाज़े तक छोड़ने आया। अंशुल अपने घर पहुंचा तो बहुत खुश था। मम्मी-पापा उसके लौटने का इंतजार कर रहे थे। अपने घर में दिवाली मनाते हुए अंशुल को लग रहा था, सौरभ के घर जाकर, उसके साथ कुछ समय बिताकर उसकी उदासी दूर करने की खुशी दिवाली मनाने की खुशी से ज्यादा बड़ी है। इस बार की उसकी दिवाली बहुत अलग तरह की रही। *

कविता

राकेश सोहम



# दिवाली का त्योहार

धूम-धड़ाम से गूंजी बस्ती
दीयों का है उजियारा,
देखो राजू, पिंटू, चीकू
दिवाली का त्योहार आया।
सफाई का साम्राज्य हुआ
घर-घर की हुई सफाई,
लक्ष्मी पूजन हुआ घरों में
सबको बांटी गई मिठाई।
दीप जलाए घर-आंगन में
अंधियारा है शरमाया,
फुलझड़ी पटाखे बम चलाते
सबका मन है हर्षाया।
आज के दिन से सीख सीखना
मन के दीप जलाना,
अंधियारे-सी हर बुराई को
मन से दूर भगाना।

## रंग भरो-187

**रंग भरो-187** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





**माही, महासमुंद**



राजनंदिनी, रायपुर



वासनी, रायपुर



प्रियांशी, धमतरी



आशना, जांजगीर



आन्या, दुर्ग

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, महेंद्र-भोपाल, जितेंद्र-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, इमली-कोरबा

## रंग भरो 188



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में एक बच्चा अपने पापा-मम्मी के साथ दिवाली मना रहा है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### राजकीय महाविद्यालय में सेमिनार का आयोजन

**हिसार।** राजकीय महाविद्यालय मंगाली के व्यक्तित्व विकास एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ ने हाल ही में कचरे को खजाने में बदलना और टिकाऊ डिजाइन, सार्थक प्रभाव विषयों पर ज्ञानवर्धक सेमिनारों की एक श्रृंखला का आयोजन प्रिंसिपल डॉ. अंजू चौधरी ने आत्मनिर्भरता, कौशल वृद्धि और पर्यावरण-अनुकूल व्यावसायिक विचारों की ओर मार्गदर्शन करने की पहल की सराहना की। व्यक्तित्व विकास एवं प्लेसमेंट सेल की समन्वयक डॉ. विजयंती जाखड़ ने बताया कि यह सेमिनार विद्यार्थियों को टिकाऊ डिजाइन और संसाधन उपयोग के वैज्ञानिक, आर्थिक और व्यावहारिक पहलुओं से परिचित कराने के लिए आयोजित किया था।

### 'आतिशबाजी को कहें ना' का संदेश दिया

**हिसार।** अणुव्रत समिति द्वारा इको फ्रेंडली फेस्टिवल अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर 'आतिशबाजी को कहें ना' का संदेश दिया गया। समिति के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में इस जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके तहत शहर के मुख्य बाजारों व विभिन्न क्षेत्रों में पम्पलेट वितरित कर दीपावली पर्व पर आतिशबाजी नहीं करने के अपील की गई। इस अवसर पर अनिल जैन, दर्शन लाल शर्मा, जयभगवान लाडवाल, जगदीश गर्ग, श्रवण गिरधर, नितिन कुमार, राजकुमार सोनी, प्रेम सिंह व सतपाल आदि मौजूद रहे।

### ओशो ध्यान उपवन में 19 को दिवाली ध्यान महोत्सव

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में 19 अक्टूबर को दिवाली ध्यान महोत्सव मनाया जाएगा। महोत्सव के आयोजक स्वामी संजय व मां सांची ने बताया कि ध्यान सत्रों के दौरान साधक अस्तित्व के साथ लयबद्ध होने का अनुभव करेंगे और प्रभु के महारास में शामिल होने का भी अवसर मिलेगा। स्वामी संजय ने बताया कि दिवाली ध्यान महोत्सव के लिए सिरसा रोड स्थित ओशो ध्यान उपवन को रंग-बिरंगी लड़ियों व लाइट से सजाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों से साधक हिस्सा लेंगे और उन्हें अलग अनुभूति का एहसास होगा।

### सड़क सुरक्षा नियम पर हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**हिसार।** फतेहचन्द महिला महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा क्लब व यूथ रेडक्रॉस के सौजन्य से सड़क सुरक्षा नियम विषय पर लिखित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. अनीता सहरावत ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि रोजमर्रा की जिंदगी में सुरक्षा के साथ-साथ सुरक्षित रहने के लिए सड़क सुरक्षा नियमों का पालन अवश्य करें तथा समाज में अनुशासन और कानून व्यवस्था को बनाएं रखें। अंत में डॉ. पुष्पा गर्ग एवं डॉ. कैलाश ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का उद्देश्य छात्राओं में सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूकता प्रदान करना है। इस प्रतियोगिता में लगभग 250 छात्राओं ने भाग लिया।

### अन्नकूट प्रसाद वितरण शास्त्री पार्क में 22 को

**हिसार।** अग्रवाल सेवा समिति अर्बन एस्टेट द्वारा 25वां अन्नकूट का महाप्रसाद वितरण 22 अक्टूबर को अर्बन एस्टेट में स्थित शास्त्री पार्क में किया जाएगा। यह निर्णय समिति के प्रधान जय कुमार बंसल की अध्यक्षता में लिया गया। समिति के प्रवक्ता सजंय डालमिया ने बताया कि वर्ष 2000 से समिति द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्वकर्मा दिवस के पावन पर्व पर गौवर्धन पूजा के उपरांत 12 बजे कढ़ी चावल, पूरी, हलवा, बाजरा व मिक्स सब्जी का प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### पूर्व मंत्री डॉ. गुप्ता ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**हिसार।** भाजपा जिला कार्यालय में पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने जन-सुनवाई कार्यक्रम के दौरान नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समय पर निपटारा करना ही जनसेवा का असली उद्देश्य है। भाजपा कार्यकर्ता हर स्तर पर आम लोगों की सहायता के लिए तत्पर रहें, यही पार्टी की सोच और नीति है।

---

## लुवास में विश्व खाद्य दिवस के अंतर्गत प्रतियोगिताओं का आयोजन

# पशु चिकित्सा महाविद्यालय की अक्षिता रही प्रथम

**खाद्य उत्पादों के पोषण संबंधी महत्व और डेयरी उद्योग के योगदान को रेखांकित किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) में दुग्ध विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय द्वारा गुरुवार को विश्व खाद्य दिवस मनाया गया।

कॉलेज ऑफ़ डेयरी साइंस के अधिष्ठाता डॉ. शरणगौड़ा बी पाटिल के नेतृत्व एवं डॉ. इंदु (सांस्कृतिक सचिव) की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम में खाद्य उत्पादों के पोषण संबंधी महत्व और डेयरी उद्योग के योगदान को रेखांकित किया गया।



हिसार। प्रतियोगिता में हिस्सा लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

इस दौरान आयोजित कार्यक्रमों में विद्यालय और महाविद्यालय स्तर पर विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें पोस्टर बनाना, भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता प्रमुख रहीं। भाषण प्रतियोगिता डॉ रचना एवं डॉ शालिनी अरोड़ा की देखरेख में हुई। इसमें विद्यालय स्तर पर हिन्दी भाषण में सेंट जोसेफ स्कूल की प्रकृति कुंडु ने प्रथम व स्मॉल वंडर स्कूल की वैभवी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंग्रेजी भाषण में केएल आर्य डीएवी पब्लिक स्कूल के छात्र आदित्य ढाका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया व स्मॉल वंडर स्कूल की रियाना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय स्तर पर पशु चिकित्सा महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने सराहनीय प्रदर्शन किया। महाविद्यालय की छात्रा अक्षिता ने प्रथम व छात्र तेजस ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

### आज किए जाएंगे सम्मानित

इसी क्रम में आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. सुमित महाजन एवं डॉ इंदु रहे। इस प्रतियोगिता में विद्यालय स्तर पर ओ पी जिंदल स्कूल के छात्र मोहित एवं अंकित क्रमश प्रथम एवं द्वितीय रहे। महाविद्यालय स्तर पर दुग्ध विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय की सुजल एवं ज्योति ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्रों से सम्मानित 17 अक्टूबर को होने वाले प्रतिभा खोज कार्यक्रम के दौरान कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा द्वारा किया जाएगा।

---

## दीपोत्सव की झिलमिलाहट व उल्लास

# नृत्य व गायन में छात्राओं ने दिखाई अपनी प्रतिभा




हिसार। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं ।

■ फतेहचंद कॉलेज में दो दिवसीय दिवाली फेस्ट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

फतेहचन्द महिला महाविद्यालय में विमेन सेल के तत्वाधान में दो दिवसीय दिवाली फेस्ट का भव्य आयोजन किया गया।

इस दो दिवसीय आयोजन में छात्राओं ने बड़े उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। फेस्ट के पहले दिन मुख्य अतिथि के रूप में मोनिका वर्मा सीनियर कोर्डिनेटर उपस्थित रहीं। विमेन सेल की प्रभारी डॉ. पल्लवी आर्या ने बताया कि महाविद्यालय परिसर में विविध प्रकार की प्रतियोगिताएं और गतिविधियां आयोजित की गई, जिनमें दीया डेकोरेशन, कैंडल मेकिंग, थाली डेकोरेशन प्रमुख रहीं साथ ही छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के फूड स्टॉल भी लगाए गए, जिनमें उन्होंने स्वयं द्वारा बनाए गए स्वादिष्ट व्यंजन प्रस्तुत किए। दूसरे दिन गुरुवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें छात्राओं ने नृत्य, गायन और अन्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनीता सहरावत ने सभी को दिवाली के शुभ अवसर पर बधाई दी। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्वक वातावरण में हुआ और पूरे परिसर में दीपोत्सव की झिलमिलाहट एवं उल्लास का माहौल छा गया।

---

## समूह गान प्रतियोगिता में बाबा बंदा बहादुर स्कूल के विद्यार्थी रहे द्वितीय



हांसी। समूह गान प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी स्कूल प्राचार्या के साथ।

**हांसी।** जिला बाल कल्याण परिषद् द्वारा चंडीगढ़ मुख्यालय के दिशा निर्देशानुसार हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाल दिवस के उपलक्ष्य में जिलास्तरीय बाल महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमे बच्चों की प्रतिभा निखारने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इसमें बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने बाल भवन में आयोजित समूह गान प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसका श्रेय संगीत अध्यापक अनिल शर्मा को जाता है। इस प्रतियोगिता में जिला स्तर पर विजेता रहने वाले प्रतिभागियों को जोनल स्तर व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या लवली चावला, शैक्षणिक कोऑर्डिनेटर पवन रावल ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह प्रतियोगिताएं बच्चों को संवाद करने, प्रयोग करने और अपनी कला का प्रदर्शन करने के लिए एक सांझा मंच प्रदान करती है।

---

# भाजपा ने प्रदेश में भाईचारे को बिगाड़ने का काम किया : पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह

■ सद्भावन यात्रा ने किया नारनौंद विधानसभा क्षेत्र में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह द्वारा पूरे प्रदेश में सद्भावना यात्रा गुरुवार को 12वें दिन नारनौंद हलके के गांव बास में पहुंची। इसके बाद यात्रा बास, गांव उगालन, खांडा खेड़ी और पेटवाड़ से होती हुई आगे बढ़ी। यात्रा का रात्रि विश्राम नारनौंद में रहा। पूर्व मंत्री अतर सिंह सैनी और पूर्व विधायक शिव शंकर भारद्वाज विशेष रूप से यात्रा में शामिल हुए।

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बृजेंद्र सिंह ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार समाज में भेदभाव की दीवारें खड़ी कर रही हैं। उन्होंने सभी समुदायों से अपील करते हुए कहा कि इस आपसी सद्भाव और भाईचारे को किसी भी कीमत पर टूटने न दें।



नारनौंद। पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह का स्वागत करते ग्रामीण।

भाजपा की नीतियों ने समाज में भेदभाव की दीवारें खड़ी की हैं, जिन्हें कांग्रेस लोगों के साथ मिलकर तोड़ेगी। पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर बोलते हुए कहा कि ये घटनाएं पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। सरकार को इन मामलों की न्यायिक जांच किसी सिटिंग या रिटायर्ड जज से करवानी चाहिए, क्योंकि पुलिस और जांच एजेंसियां गृह मंत्रालय के अधीन आती हैं।

---

# पुलिस अधिकारियों के सुसाइड मामलों की हो न्यायिक जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

आम आदमी पार्टी ने हरियाणा के दो पुलिस अधिकारियों द्वारा सुसाइड किये जाने की घटना पर गहरा दुख प्रकट करते हुए दोनों मामलों की न्यायिक जांच के साथ-साथ दोषियों को सख्त से सख्त सजा देने की मांग की है। आप जिला प्रधान राजेन्द्र सोरखी ने आरोप लगाया कि प्रदेश में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। कोई ऐसा विभाग नहीं जिसमें बिना पैसे दिये कोई काम होता हो। चारों तरफ जेबें भरने के लिए केवल पैसे का खेल चल रहा है। कानून व्यवस्था का दिवाला निकल चुका है। प्रदेश में आए दिन फिरौती, अपहरण, हत्याएं, जानलेवा हमले, बलात्कार, छीना झपटी, छेड़छाड़, चोरी, डकैती आदि के सैंकड़ों मामले घटित हो रहे हैं। प्रदेश में कोई ऐसा थाना या चौकी नहीं, जहां कोई न कोई मुकदमा दर्ज न हो।



राजेन्द्र सोरखी।

आप नेता राजेन्द्र सोरखी ने बढ़ते अपराधों पर चिंता प्रकट करते हुए कहा कि भाजपा सरकार के राज में बहन-बेटी का सड़क पर निकलना मुश्किल हो गया है। हालात ऐसे हो गये हैं कि लोग न घर में सुरक्षित हैं और न ही सड़क पर। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की जन विरोधी नीतियों के कारण आज हर वर्ग सड़कों पर आंदोलन करने को मजबूर है।

---

### गुजवि में रही दीपोत्सव कार्यक्रम की धूम

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के गर्ल्स हॉस्टल परिसर में 'दीपोत्सव 2025' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. वंदना बिश्नोई ने कार्यक्रम में शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के रूप में रजनी शर्मा ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

समारोह की अध्यक्षता प्रो. सुजाता सांघी, चीफ वार्डन (गर्ल्स हॉस्टल) द्वारा की गई। मुख्य अतिथि डॉ. वंदना बिश्नोई ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा को उजागर करते हैं और उनमें सहयोग व एकता की भावना को मजबूत बनाते हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ, जिसके पश्चात छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कृष्ण लीला, रामायण पर आधारित नाट्य मंचन तथा अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

---

## जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में होली चाइल्ड स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 11वीं कक्षा के छात्र ऋतिक ने हरियाणा राज्य स्तरीय विद्यालय जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्कूल और जिले का नाम रोशन किया है।

यह प्रतियोगिता अंबाला कैंट में आयोजित की गई, जिसमें राज्यभर के विभिन्न जिलों से सैकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लिया। ऋतिक ने अपने प्रदर्शन से पोमल हॉर्स और फ्लोर एक्सरसाइज में दो रजत पदक तथा वी.टेबल इवेंट में स्वर्ण पदक जीतकर प्रतिभा का लोहा मनवाया। साथ ही उन्होंने कुल अंकों के आधार पर कांस्य पदक जीतकर राज्य स्तर पर तीसरा स्थान हासिल किया। इस अभूतपूर्व उपलब्धि के लिए उन्हें राष्ट्रीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया है, जो निकट भविष्य में आयोजित की जाएगी। प्रबंध निदेशक आरएस सिंधु व प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल ने ऋतिक को उनकी इस सफलता पर बधाई देते हुए कहा ऋतिक ने यह सिद्ध किया है कि लगन और मेहनत से हर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।



हिसार। स्कूल निदेशक आरएस सिंधु के साथ छात्र ऋतिक।

---

### हकृवि में दिवाली मेले पर प्रदर्शनी आयोजित

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में दीवाली मेला आयोजित किया गया। मेले का शुभारंभ कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी ने बतौर मुख्य अतिथि किया। मेले में छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार की स्टालें लगाई गई।

मुख्य अतिथि संतोष कुमारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि दीपावली त्यौहार दीपों का पर्व है जिससे संदेश मिलता है कि हमारे जीवन में भी इसी प्रकार सदैव खुशियां जगमगाती रही। इसके लिए हमें कड़ी मेहनत व लगन से कार्य करना होगा तभी हम लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे और जीवन को खुशियों से भर पाएंगे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में एक साथ काम करने और एक दूसरे की मदद करने की भावना का होना जरूरी है। आजकल बच्चे एकांत में रहना पसंद करते हैं।

---

### अग्रोहा धाम में दीपावली पर 1008 मिट्टी के दीयों से होगी पूजा : गर्ग

**हिसार।** वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की बैठक अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष को बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में अग्रोहा में हुई। इस बैठक में धनतेरस पर 18 अक्टूबर का हवन-पूजन, भंडारे की तैयारी व 22 अक्टूबर का अन्नकूट का प्रसाद लगाने की तैयारी पर विचार किया गया। गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम में धनतेरस पर हवन-पूजन व भंडारा लगाने के साथ-साथ अन्नकूट का प्रसाद बनाया जाएगा। अग्रोहा धाम में दीपावली पर 1008 मिट्टी के दीये से पूजा व रंगोली बनाई जाएगी। गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम में माता लक्ष्मी जी का देश में एकमात्र शक्तिपीठ बना हुआ है। इस अवसर पर दीपक गर्ग, एनके गोयल, ऋषि राज गर्ग, पवन गर्ग, सुरेन्द्र बागड़ी, सज्जन गुप्ता, राजेंद्र बंसल, अनिल सिंगला मंगाली वाला, यशपाल सिंगला, अजय सिंगला, अभिमन्यु बंसल, निरंजन गोयल, दुनी चंद गोयल, गजानंद गर्ग, बजरंग असरावां, पवन गोयल आदि मौजूद रहे।



हिसार। अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग समाज के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए।

---

### छठ महापर्व पर सरोवर के चारों ओर बनाए जाएंगे चार द्वार

**हिसार।** पूर्वांचल जन कल्याण संगठन समिति की बैठक जिंदल पार्क मिल गेट में समिति के प्रधान विनोद साहनी की अध्यक्षता में हुई जिसमें 27 अक्टूबर को जिंदल सरोवर, जिंदल पार्क मिल गेट में मनाए जाने वाले छठ महापर्व के लिये ड्यूटियां लगाई गई। समिति के कोषाध्यक्ष आचार्य शिवपूजन शास्त्री ने बताया कि छठ महापर्व के अवसर पर सायं 4 बजे विधायक सावित्री जिंदल मुख्यातिथि के रुप में उपस्थित होंगी। समिति के सहायक सचिव रविन्द्र सिंह ने कहा कि सरोवर को सजाने की जिम्मेवारी हरीश चंद्र तिवारी, अनिल उपाध्याय व तारकेश्वर मिश्र को सौंपी गई। सवा क्विंटल सामग्री से छठ मैय्या का श्रृंगार होगा। महासचिव आचार्य मुरलीधर पाण्डेय ने कहा कि पूरे विधि विधान सभा की गई पूजा विशेष फलदायी होती है।

---

## गुजवि में 'बेहतर भोजन व बेहतर भविष्य के लिए हाथ से हाथ मिलाना' पर कार्यक्रम आयोजित

# खाद्य प्रौद्योगिकी वर्तमान समय की सबसे महत्वपूर्ण विज्ञान शाखाओं में से एक

**विद्यार्थियों ने फूड स्टॉल लगाकर विभिन्न प्रकार के पौष्टिक व्यंजनों को प्रदर्शित किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि खाद्य प्रौद्योगिकी वर्तमान समय की सबसे महत्वपूर्ण विज्ञान शाखाओं में से एक है।

यह केवल भोजन को सुरक्षित रखने या प्रसंस्करण तकनीकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक परिवर्तन और मानव कल्याण का माध्यम भी है।



हिसार। मुख्य वक्ता रूबल कटारिया को सम्मानित करते मुख्यातिथि कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई विश्वविद्यालय के फूड टेक्नोलॉजी विभाग के सौजन्य से विश्व खाद्य दिवस-2025 के उपलक्ष्य पर 'बेहतर भोजन व बेहतर भविष्य के लिए हाथ से हाथ मिलाना' विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के समापन समारोह को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। हल्दीराम स्नैक्स प्राइवेट लिमिटेड की वरिष्ठ उपाध्यक्ष रूबल कटारिया कार्यक्रम की मुख्य वक्ता थी। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम की संयोजिका प्रो. अराधिता बी.रे. ने की।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रीति व मुक्ति की टीम प्रथम

प्रो. अराधिता बी.रे. ने अपने संबोधन में बताया कि कार्यक्रम में 400 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। विश्वविद्यालय के क्रश हॉल में विद्यार्थियों द्वारा फूड स्टॉल लगाई गई, जिनमें विभिन्न प्रकार के पौष्टिक व्यंजनों को प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी व एक्सटेम्पोर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रीति व मुक्ति की टीम प्रथम, सोनू व पनमन की टीम द्वितीय तथा मानवी, लविशा व यमन की टीम तृतीय स्थान पर रही। एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता में मनसवी ने पहला, अपूर्वा ने दूसरा तथा ईशा सैनी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### भूखा ही जानता है भोजन की कीमत

गुजवि के खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग की एल्मुनाई एवं मुख्य वक्ता रूबल कटारिया ने अपने संबोधन में कहा कि भोजन की कीमत वही जानता है जो भूखा है। हमें भोजन की बर्बादी को रोकने के लिए ध्यान देना होगा। भोजन की बर्बादी को रोकने से हम भूखे व कुपोषण के शिकार व्यक्तियों का पेट भर सकते हैं।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर प्रो. अलका शर्मा, प्रो. एम.बी. बेरा व प्रो. मनीष कुमार, डॉ. अनीता खटक, इंजीनियर नेहा यादव, डॉ. मनीषा मलिक, डॉ. नवनिधि, डॉ. प्रियंका काजला, डॉ. सोनिका, डॉ. प्रवीन कुमारी, डॉ. प्रियंका, डॉ. उसमान अली, इंजीनियर अंकुर, इंजीनियर मिथुन, इंजीनियर सुनील, डॉ. शोभित, डॉ. पूनम आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### हनुमान मंदिरमें अन्नकूट का वितरण 22 को

**हिसार।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष 22 अक्तूबर को हरियाणा कुरुक्षेत्र सनातन धर्म हनुमान मंदिर, नागोरी गेट के तत्वाधान में मंदिर प्रांगण में दोपहर 12 बजे से श्रीअन्नकूट पर्व के उपलक्ष्य में अन्नकूट प्रसाद का वितरण किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मंदिर ट्रस्ट के प्रधान कैलाश चौधरी एडवोकेट, सचिव मधुसूदन गुप्ता व महोत्सव प्रबंधक शिव कुमार मित्तल ने नगर वासियों से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में मंदिर में पहुंचकर अन्नकूट का प्रसाद ग्रहण करके पुण्य के भागी बनें।

### यश बने डॉ. अंबेडकर स्टूडेंट फ्रंट ऑफ इंडिया अध्यक्ष

**हिसार।** डॉ. अंबेडकर स्टूडेंट फ्रंट ऑफ इंडिया (डासफी) छात्र संगठन की जिला इकाई की कार्यकारिणी का गठन गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में किया गया। मीटिंग की अध्यक्षता सीनियर छात्र नेता प्रवीन ने की। सर्वसम्मति से जिले की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें यश राणा जिला अध्यक्ष, प्रतीक मैहरा जिला महासचिव, सचिन जांगड़ा जिला प्रवक्ता व एडवोकेट राहुल बारोलिया को जिला कानूनी सलाहकार के तौर पर चुना गया।

### समाधान शिविर में डीसी यादव ने सुनी जनसमस्याएं

**हिसार।** लघु सचिवालय स्थित जिला सभागार में गुरुवार को उपायुक्त अनीश यादव ने समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं को सुना। उन्होंने शिविर में विशेष रूप से परिवार पहचान पत्र से संबंधित शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए क्रीड विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। समाधान शिविर में गांव मिर्चपुर के एक शिकायतकर्ता ने एक महिला द्वारा फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनवाने की शिकायत दी। हिसार मोती नगर निवासी सुभाष चंद्र शर्मा की घर के मेन गेट के सामने सीवरेज के चैंबर को दूसरी जगह शिफ्ट करने की शिकायत पर उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौका मुआयना कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

### फर्जी दस्तावेजों पर प्लॉट बेचने में आरोपी काबू

**हिसार।** थाना आजाद नगर हिसार पुलिस ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर प्लॉट बेचने के मामले में एक आरोपी छिवाड़ा मोहल्ला जयपुर निवासी श्याम सुंदर को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट ने 3 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा। जांच अधिकारी एएसआई सुरेंद्र सिंह ने बताया कि संतोष देवी निवासी सुभाष नगर ने थाना आजाद नगर में फर्जी दस्तावेजों पर उसका दी शांति कॉपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी, मॉडल टाउन एक्सटेंशन में स्थित प्लॉट बेचने के बारे में शिकायत दी थी।

### धान की बिक्री कर सकते हैं क्षेत्र के किसान

**हिसार।** आदमपुर क्षेत्र के किसान स्थानीय मंडी में भी धान की बिक्री कर सकते हैं। आदमपुर मंडी में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीद के लिए राज्य खरीद एजेंसी हैफेड को निर्देशित किया गया है। इस संबंध में शुक्रवार को जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक की अध्यक्षता में एक बैठक का भी आयोजन किया गया।

## पांच जगहों पर पार्किंग व्यवस्था, लोगों को मिलेगी जाम से मुक्ति

# राजगुरु मार्केट में चारपहिया वाहनों की एंट्री बैन करने का दिखा असर



**हिसार।** चार पहिया वाहनों की एंट्री रोकने के लिए नाके पर तैनात महिला पुलिस कर्मचारी। *फोटो: हरिभूमि*



**हिसार।** राजगुरु मार्केट का निरीक्षण करते अतिरिक्त निगम आयुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा। *फोटो: हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

दीपावली पर राजगुरु मार्केट में खरीदारी के लिए उमड़ने वाली भीड़ को देखते पुलिस विभाग ने नाकाबंदी कर चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। राजगुरु मार्केट की तरफ जाने वाले 10 प्वाइंट पर दिनभर पुलिस कर्मचारी तैनात रहे और मार्केट में आवागमन सुचारू करने के लिए चार पहिया वाहनों को अंदर घुसने नहीं दिया। नाकों पर महिला पुलिस की भी तैनाती की गई है। पुलिस की सख्ती का असर राजगुरु मार्केट में यातायात व्यवस्था पर साफ दिखाई दी। चार पहिया वाहन की राजगुरु मार्केट में एंट्री नहीं होने से लोगों को आवागमन करने में किसी तरह की दिक्कत नहीं हुई।

**लोगों से अपील**

उधर, राजगुरु मार्केट एसोसिशन के पदाधिकारियों ने भी मार्केट में खरीदारी के लिए आने वाले लोगों से अपील की है कि वे अपनी गाड़ियों को प्रशासन द्वारा निर्धारित पार्किंग में ही खड़ा करें। मार्केट के आसपास ही पांच जगहों पर पार्किंग व्यवस्था की गई है।

### अतिरिक्त निगम आयुक्त हुड्डा ने राजगुरु मार्केट की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

**हिसार।** दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए शहर की साफ-सफाई, सुरक्षा और बाजारों में बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अतिरिक्त निगम आयुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा ने राजगुरु मार्केट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बाजार में साफ सफाई की स्थिति, पार्किंग व्यवस्था और अग्नि सुरक्षा उपायों का विस्तार से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डॉ. हुड्डा ने पाया कि कई दुकानदार सड़क किनारे या अव्यवस्थित तरीके से सामान बेच रहे थे, जिससे बाजार में आवाजाही प्रभावित हो रही थी। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दुकानदारों को निर्धारित स्थानों पर सुव्यवस्थित ढंग से बैठाने की योजना तुरंत तैयार की जाए ताकि बाजार में भीड़भाड़ कम हो और खरीददारों को असुविधा न हो। उन्होंने स्पष्ट कहा कि दीपावली के सीजन में बाजारों में स्वच्छता और अनुशासन बनाए रखना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। डॉ. हुड्डा ने निरीक्षण के दौरान फायर ब्रिगेड विभाग के अधिकारियों को भी दिशा-निर्देश दिए कि बाजार में किसी भी प्रकार की अग्नि दुर्घटना से निपटने के लिए पूरी तैयारी रखी जाए। उन्होंने कहा कि फायर ब्रिगेड की गाड़ियां नियमित रूप से राजगुरु मार्केट क्षेत्र का दौरा करें और वहां की सुरक्षा व्यवस्थाओं पर नजर रखें। इसके अलावा अतिरिक्त निगम आयुक्त ने राजगुरु मार्केट स्थित पंजाबी धर्मशाला के सामने बने पार्किंग स्थल का भी निरीक्षण किया।



**बरवाला।** डॉ. पवन चहल के नेतृत्व में टीम मिठाई का सैंपल लेते हुए।

# बरवाला में मिठाइयों की दुकानों पर मारे छापे

- सैंपलों की लैब से रिपोर्ट आने के बाद की आगामी कार्रवाई होगी : डॉ. चहल

हरिभूमि न्यूज ⏭बरवाला

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने दिवाली से पहले सैंपलिंग जारी रखते हुए आज बरवाला में मिठाई की विभिन्न दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस टीम का नेतृत्व जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ पवन चहल द्वारा किया गया। इस दौरान टीम ने खोआ बर्फी, लड्डू, बर्फी, पेड़ा तथा बेसन बर्फी सहित कुल 5 सैंपल लेकर लैब भेजे। जिनकी रिपोर्ट आने पर आगामी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। टीम ने सभी दुकानों में साफ सफाई भी देखी और सभी को सफाई से काम करने के निर्देश दिए। डॉ. चहल ने बताया कि सभी दुकानदारों को आमजन की सेहत को ध्यान में रखकर खाद्य पदार्थ बनाने व बेचने चाहिए।

खराब गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थों को रखने व बेचने वालों पर विभाग की पैनी नजर है और इस तरह के दुकानदारों के खिलाफ सख़्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।


खाद्य सुरक्षा विभाग ने करीब एक सप्ताह में अब तक 40 से अधिक दुकानों व गोदामों का निरीक्षण किया है और कुल 63 सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे हैं। इस दौरान टीम दो दुकानों पर ज़्यादा रंग से बनी चमचम व ख़राब गुणवत्ता की चासनी को नष्ट करवाया। डॉ पवन चहल ने दुकानों के बाहर खुले में मिठाई रखने व बेचने पर सख्त कार्रवाई कर चालान करने की चेतावनी भी दी।

# एलीट स्विम एकेडमी के तैराक छाए

- अंबाला में हुई राज्य स्तरीय स्कूल स्विमिंग प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

अंबाला में आयोजित राज्य स्तरीय स्कूल स्विमिंग प्रतियोगिता में एलीट स्विम एकेडमी के तैराकों ने शानदार प्रदर्शन किया। इनायत मोर ने अंडर-19 श्रेणी में 400 मीटर आईएम में प्रथम और 200 मीटर बटरफ्लाई में द्वितीय स्थान हासिल किया। दीक्षिका शर्मा ने अंडर 17 श्रेणी में एक रजत पदक और दो कांस्य पदक जीतकर हिसार का सम्मान बढ़ाया। रक्षिता ने 50मीटर बैक स्ट्रोक में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रूनी, आशमा और पलक ने भी आयोटा वाटर के साथ अपनी उत्कृष्टता और समर्पण का परिचय देते हुए तैराकी समुदाय में अपनी छाप छोड़ी। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी तैराकों, अभिभावकों और कोच को उनकी अद्वितीय उपलब्धियों पर बधाई दी।



**हिसार।** शानदार प्रदर्शन करने वाले तैराक। *फोटो: हरिभूमि*

# रचनात्मकता-तकनीकी कौशल का दिया परिचय

- रॉयल इंटरनेशनल स्कूल में दी विद्यार्थियों को दी रचनात्मकता जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल खारा खेड़ी में विद्यार्थियों की रचनात्मकता और तकनीकी कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी पहल विकसित भारत बिल्डथॉन 2025 के तहत संपन्न हुआ।

इस पहल का उद्देश्य देशभर के विद्यार्थियों को तकनीकी नवाचार और समाधान-आधारित सोच की दिशा में प्रेरित करना है।

कार्यक्रम के दौरान एटीएल इंचार्ज अंकित आर्य के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नवाचार से संबंधित विविध गतिविधियों को अंजाम दिया।

विद्यार्थियों ने लाइव सत्र के माध्यम से नवीन विचारों को व्यावहारिक रूप में प्रस्तुत करने का अनुभव प्राप्त किया।



**हिसार।** कार्यक्रम में हिस्सा लेती छात्राएं। *फोटो: हरिभूमि*

**विचार साझा किए**

बच्चों ने आइडिएशन, प्रोटोटाइप निर्माण और ब्रेनस्टॉर्मिंग सत्रों में भाग लेकर समस्याओं के समाधान के लिए अपने विचार साझा किए और उन्हें व्यवहारिक रूप देने की दिशा में कदम बढ़ाए। स्कूल चेयरमैन डॉ. युद्धवीर सिंह, स्कूल संचालिका डॉ. ज्योत्स्ना, स्कूल प्रशासक विक्रमादित्य, सैनिक स्कूल कमांडेंट कर्नल डॉ. डीवी नेहरा ने इस आयोजन को विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सशक्त कदम बताया।

## गुजवि कुलपति ने राज्यपाल के समक्ष रखा भविष्य की योजनाओं का रोडमैप

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने चंडीगढ़ स्थित राजभवन में राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो. असीम कुमार घोष से शिष्टाचार भेंट की। कुलपति प्रो. बिश्नोई ने राज्यपाल के समक्ष विश्वविद्यालय की वर्तमान प्रगति, शैक्षणिक उपलब्धियों और भविष्य की विकास योजनाओं का एक विस्तृत रोडमैप प्रस्तुत किया। प्रो. राम बिश्नोई ने राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) रैंकिंग 2025 में गुजवि को हरियाणा राज्य में मिले पहले स्थान के बारे में बताया। कुलपति ने बताया कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित एनआईआरएफ रैंकिंग 2025 के 10वें संस्करण में विश्वविद्यालय को 'राज्य सार्वजनिक विश्वविद्यालय' श्रेणी में 32वां, फामेर्सी श्रेणी में 49वां, प्रबंधन श्रेणी में 101-125वां, विश्वविद्यालय श्रेणी में 101-150वां, सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) श्रेणी में 11-50वां, इंजीनियरिंग में 201-300वां और समग्र श्रेणी में 151-200वां स्थान मिला है। गत वर्ष की रैंकिंग के मुकाबले 15 पायदानों का सुधार करते हुए देशभर में 32वां रैंक हासिल किया है।



**हिसार।** राज्यपाल एवं गुजवि के कुलाधिपति प्रो. असीम कुमार घोष से मुलाकात करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

# स्वादिष्ट-पौष्टिक व्यंजन बनाए

- एसडी मार्डन स्कूल में किया फूड मैनिआ-सेफ विदाउट फायर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल में गुरुवार को 6 से 8वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए फूड मैनिआ-सेफ कंपीटिशन विदाउट फायर का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आत्मनिर्भरता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता विकसित करना था। विद्यार्थियों ने बिना आग का प्रयोग किए स्वादिष्ट और पौष्टिक व्यंजन जैसे फ्रूट सलाद, भेलपुरी, सैंडविच, स्प्राउट्स चाट आदि बड़ी सृजनशीलता के साथ तैयार किए। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्या ऋतु सिंह ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में आत्मविश्वास और स्वावलंबन की भावना को मजबूत करती हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रबंधक सज्जन कुमार अग्रवाल, मैनेजर नकुल अग्रवाल, सचिव रजत अग्रवाल और कैशियर चंद्रभान गर्ग ने आयोजन की सराहना की। विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।



**हांसी।** प्रतियोगिता की विजेता छात्राएं अपने अध्यापक के साथ। *फोटो: हरिभूमि*

# हिसार को जल्द मिलेंगी 50 ई-बसें: मेयर प्रवीण

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

- मेयर प्रवीण पोपली ने मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार जताया



प्रवीण पोपली, मेयर।

शहर की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को आधुनिक और पर्यावरण के अनुकूल बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए प्रदेश सरकार ने हिसार नगर निगम को 50 नई इलेक्ट्रिक बसें प्रदान करने का निर्णय लिया है।

यह पहल राज्य के 10 प्रमुख नगर निगमों में ई-बसों की तैनाती की योजना का हिस्सा है। इस महत्वपूर्ण घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मेयर प्रवीण पोपली ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया और कहा कि यह फैसला हिसारवासियों के लिए एक बड़ी सौगात है।

**भीड़भाड़ कम होगी**

प्रवीण पोपली ने यह भी कहा कि इलेक्ट्रिक बसों के आगमन से शहर में ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर होगी, सड़कों पर भीड़भाड़ कम होगी और नागरिकों को अधिक व्यवस्थित यातायात अनुभव मिलेगा।यह कदम ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी मील का पत्थर साबित होगा।

### जीवन रक्षक तकनीकों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**हिसार।** गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय में भूगोल परिषद और आपदा प्रबंधन समिति के सहयोग से 'जीवन रक्षक तकनीकों' पर एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ विवेक कुमार सैनी ने सभी वक्ताओं का स्वागत किया। कार्यक्रम का उद्घाटन उप प्राचार्य डॉ राजेन्द्र सेवदा ने किया। इस कार्यक्रम में राज्य आपदा बचाव बल के इंस्पेक्टर राजेश अपनी टीम के साथ पहुंचे और विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन के बारे में प्रशिक्षण दिया और कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डीडीएमए के प्रोजेक्ट ऑफिसर विजेंद्र साहू, प्राथमिक चिकित्सा विभाग के लेक्चररर चंद्र सिंह, अग्निशमन विभाग से सुभाष और साहिल पहुंचे। इस अवसर पर आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में प्रशिक्षित टीम के समृद्ध अनुभव का लाभ उठाने के लिए विद्यार्थियों ने गहरी रूचि दिखाई।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

**खेलकूद** | हरियाणा का शानदार प्रदर्शन, खिलाड़ियों में दिखा उत्साह

# राष्ट्रीय परंपरागत लाठी खेल प्रतियोगिता में 6 स्वर्ण, 8 रजत और 18 कांस्य पदक जीते

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

राजस्थान के अलवर में आयोजित भारतीय परंपरागत लाठी खेल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हरियाणा लाठी टीम ने पहली बार प्रतिभागिता करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। टीम ने 6 स्वर्ण, 8 रजत और 18 कांस्य पदक जीतकर कुल चौथा स्थान हासिल किया।

प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से लगभग 350 खिलाड़ियों ने भाग लिया। सूरजसेवा फाउंडेशन के निदेशक एवं हरियाणा परंपरागत लाठी संगठन के महासचिव हरीश सिराधना ने बताया कि हरियाणा के विभिन्न जिलों से चयनित 21 खिलाड़ी (लड़के एवं लड़कियां) ने एक लाठी चाल, दो लाठी चाल, लाठी वार एवं लाठी प्रहार जैसे इवेंट्स में भाग लिया।



**हिसार।** राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने वाली हरियाणा की टीम।

**भव्य स्वागत**

खिलाड़ी स्वीटी वर्मा, यश सोलंकी, नमन, हिमांशु सुथार, खुशी जांगड़ा व आल्या ने स्वर्ण, विधि जैन, आरोही, वैष्णवी तिवारी, मनीषा चौधरी, विनय वर्मा, यश सोलंकी, दिव्यांशी शेखावत तथा मयंक जांगड़ा ने रजत तथा सानवी बंसल, सीमा गुर्जर, आलिया झुरिया, लक्षिका सिंगल, गर्विता सिंगल, दिव्यांशी शेखावत, वीर शर्मा, आरव मान, हिमांशु सुथार, अमन, गिरिक, नमन,विनय वर्मा, खुशी जांगड़ा व मयंक जांगड़ा ने कांस्य पदक प्राप्त किया। इस मौके पर राष्ट्रीय स्तर पर रेफरी कमीशन का गठन भी किया गया, जिसमें प्रमोद विश्वकर्मा (मध्य प्रदेश) को रेफरी कमिशन चेयरमैन, हरीश सिराधना (हरियाणा) को रेफरी कमिशन वाइस चेयरमैन तथा किशोर (मप्र) को रेफरी कमीशन सचिव चुना गया। बजरंग मॉडल स्कूल टोहाना के निदेशक विनय वर्मा ने विजेताओं का स्वागत किया। हरियाणा के तकनीकी निदेशक विकास मणकश ने बताया कि खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ अनुशासन और समर्पण का परिचय देकर नाम रोशन किया।

### रक्तदान कर युवाओं को दिया नशा न करने का संदेश

**हिसार।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के मास्टर वालंटियर एवं जिला सुकून काउंसलर राहुल शर्मा ने दीपावली के अवसर पर रक्तदान करते हुए युवाओं को प्रेरक संदेश दिया।

राहुल शर्मा ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। यह वह अमूल्य उपहार है जिसे न कोई मशीन बना सकती है और न कोई दवा तैयार कर सकती है।

हमारे द्वारा दिया गया रक्त किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है। इसलिए युवाओं को चाहिए कि वे नशे से दूर रहें और रक्तदान कर राष्ट्र की सेवा करें।